दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 32 ▸ अंक : 304 ▸ पृष्ठ : 8

मुंबई, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024

RNI NO. : MAHHIN/49994/91

मूल्य : 3 रुपए

www.indiagroundreport.com

संरक्षक : एन. के. पुरोहित ▸ संपादक : अरुण लाल





फिल्म | 07

अनुपम खेर 22 जनवरी को मनाएंगे दिवाली





उत्तर भारत | 06

24 स्कूलों के सभी शिक्षकों का बीएसए ने रोका वेतन





स्वास्थ्य | 05

कहानी : आखिरी इच्छा
कविता : मरघट


# पीएम मोदी का सोलापुर दौरा

## महाराष्ट्र की झोली में डालेंगे 2 हजार करोड़ की 8 अमृत परियोजनाएं

**अमित बृज | मुंबई**

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अब 4 दिन ही शेष हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए 11 दिनों के अनुष्ठान पर हैं। लेकिन अयोध्या में होने वाले इस भव्य कार्यक्रम के पहले पीएम मोदी 19 जनवरी को तीन राज्यों का दौरा करने जा रहे हैं। बता दें कि पीएम एक दिन में ही ये तीनों राज्य कवर करेंगे। दौरे की शुरुआत महाराष्ट्र के सोलापुर से होगी। इसके बाद कर्नाटक के बेंगलुरु और अंत में तमिलनाडु के चेन्नई में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले तीन राज्यों का यह दौरा कई लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

▸▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार (19 जनवरी) को एक दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर आएंगे। प्रधानमंत्री सुबह लगभग 10 :45 बजे सोलापुर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी सोलापुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र में लगभग 2,000 करोड़ रुपये की 8 अमृत परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

▸▸ अमृत (कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन) परियोजनाओं के अलावा प्रधानमंत्री राज्य में पीएमएवाई-शहरी के तहत बनाए गए 90 हजार से अधिक घर सौंपेंगे। इसके अलावा, वह सोलापुर में रायनगर हाउसिंग सोसाइटी के 15 हजार घर भी लाभार्थियों को सौंपेंगे। इस परियोजना से मुख्य तौर पर हजारों हथकरघा श्रमिक, विक्रेता, पावरलूम श्रमिक, कचरा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक, ड्राइवर लाभान्वित हुए हैं।

▸▸ पीएम मोदी अपने कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र में पीएम-स्वनिधि (PM-SVANIDHI) के 10 हजार लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त के वितरण की शुरुआत करेंगे।



### PM मोदी कर्नाटक-तमिलनाडु का भी दौरा करेंगे

महाराष्ट्र के बाद पीएम मोदी कर्नाटक और तमिलनाडु का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर लगभग 2 :45 बजे कर्नाटक के बेंगलुरु में बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर का शुभारंभ करेंगे और बोइंग सुकन्या कार्यक्रम की सौगात देंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री शाम लगभग 6 बजे तमिलनाडु के चेन्नई में खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

### मुंबई के नजदीक की जल आपूर्ति परियोजनाएं

**कल्याण-डोंबिवली जल आपूर्ति योजना:** कल्याण-डोंबिवली में 77 .58 करोड़ रुपए की योजना के माध्यम से एक हजार नए नल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। इसका फायदा 12 हजार 100 घरों को मिलेगा।

**भिवंडी-निजामपुर जल आपूर्ति योजना:** योजना की प्रस्तावित लागत 426 .04 करोड़ रुपए है। इसके माध्यम से 84 हजार 500 नए नल कनेक्शन जोड़कर 1 लाख 77 हजार 087 घरों को लाभ प्रदान किया जाएगा। योजना की प्रक्रिया क्षमता 143 एमएलडी है।

**उल्हासनगर जल आपूर्ति योजना:** 126 .58 करोड़ रुपए की अनुमानित योजना के माध्यम से 40 हजार 709 नए नल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। इससे 46 हजार 840 घरों को लाभ मिलेगा।

दायित्वनामा

# दायित्वनामा ही क्यों...?

**नमस्कार दोस्तों**

सबसे पहले 'दायित्वनामा' को पढ़कर सराहना करनेवाले अपने पाठकों को बहुत-बहुत धन्यवाद। यह कॉलम शुरू करने की प्रेरणा एक मित्र ने दी, उन्होंने कहा कि एक अख़बार के संपादक का दायित्व होता है कि वह समाज और राष्ट्र को सही ख़बरों के साथ सही दिशा भी दिखाए। पहले दिन ही बहुत सारे लोगों ने इसे सराहा है और लगातार लिखते रहने का अनुरोध भी किया है। इनमें से बहुत से लोगों का कहना था कि कॉलम का नाम 'दायित्वनामा' क्यों रखा? क्या यह थोड़ा कठिन नहीं हो रहा? साथियों, पहली बात तो यह है कि हमने यह अख़बार शुरू करने के पहले दिन से ही यह तय किया था कि हम अपने इस सिद्धांत-सूत्र को हमेशा याद रखेंगे कि 'पत्रकारिता पॉवर नहीं रेस्पांसिबिलिटी है।' हम अपने सीमित संसाधनों में बिना किसी पक्ष-विपक्ष के निरपेक्ष होकर सही ख़बरें देने का प्रयास करते हैं, करते रहेंगे। यही कारण था कि हमने इसे 'दायित्वनामा' नाम देना उचित समझा। इसके अलावा एक प्रमुख कारण है कि हाल ही में मैं इंदौर के बीजाना पहुंचा जहां मैं एक कार्यक्रम में 69 वर्ष के जवान सिध्दू प्रह्लाद सिंह से मिला। आगरमालवा के भड़भूंजी गांव के रहने वाले सिध्दू राजपूत समाज से हैं। मैंने देखा कि सुबह से लेकर रात तक सिध्दू व्यवस्था में लगे हुए थे। रात में 11 बजे सबके खाने के बाद उन्होंने भोजन किया और चले गए। शादी की थकान के कारण मैं 7 बजे उठा, बाहर निकल के देखता हूं कि सिध्दू लोगों को काम समझा रहे हैं। जिज्ञासावश मैं पास चला गया। मैंने पूछा, बाबूजी इतना काम क्यों कर रहे हैं, वे मुस्कुराते हुए बोले भाई शायद आप मुझे मज़दूर समझ रहे हैं। पर बाबू मैं मज़दूर नहीं हूं। मैं हूँ सिध्दू सिंह, मैं अपने इंसान होने के दायित्व को पूरा कर रहा हूं। मेरी जिज्ञासा और बढ़ी उनसे कहा मैं समझा नहीं। उन्होंने बोला, देखो साहब मैं ज़्यादा पढ़ा-लिखा नहीं हूँ, पर इतना समझता हूँ कि मनुष्य जीवन दुर्लभ है। मेरे रहने, खाने-जीने का इंतज़ाम ईश्वर ने कर दिया है। अब



अरुण लाल



मैं आस-पास के 25 किमी के गांवों में जहां भी किसी के घर में कोई कार्यक्रम होता है वहां पहुंच जाता हूँ और अपने दायित्व को पूरा करने के लिए सुबह से शाम तक काम करता हूं। बदले में कुछ नहीं लेता। भगवान ने मुझे अच्छी खेतीबाड़ी दी है। सो उससे बड़े आराम से गुजारा हो जाता है। उन्होंने बताया कि मैं रोज गीता का एक अध्याय पढ़ता हूँ, यहां से मुझे प्रेरणा मिलती है। अब तक 400 से ज्यादा विवाह या अन्य समारोहों में शामिल होकर योगदान दिया है। जन सेवा के लिए 25 लाख रूपए जमा करके अपने गांव में एक डैम बनाया है। लोगों की मदद लेकर 4 मंदिरों का निर्माण करवाया है। सरकार की योजना से एक करोड़ 10 लाख का डैम बनवाया है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि सिद्धु सिंह 69 की उम्र में एकदम स्वस्थ हैं। उनकी ताकत देखते बनती है। वे कहते हैं साहब मेरे पास धन तो नहीं है, पर भगवान ने मनोबल दिया है। सो इस मनोबल के आधार पर समाज के प्रति अपने दायित्व को निभा रहा हूं। मैं समझता हूं कि यदि सभी अपने दायित्व को समझ लें और पूरा करें तो यह देश, दुनिया उतनी सुंदर हो उठेगी जितनी हर इंसान चाहता है।

**धन्यवाद।**

## बंटी बबली हुए गिरफ्तार

**मुंबई।** अंधेरी पुलिस ने चोरी के बाद होटल में रहनेवाले बंटी-बबली को होटल में जाने से पहले गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने आरोपियों ने मिलकर एक व्यक्ति के गले से चैन खींचा और भाग गए थे। इसकी जांच करते हुए पुलिस ने 100 सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों रहने के लिए होटल में रुके हुए थे तभी इन्हें पुलिस की टीम ने पकड़ लिया। मामले कि अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## अभी नहीं मिलेगी ठंड से राहत!

मुंबई। उत्तर भारत में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। इसके साथ ही महाराष्ट्र में मकर संक्रांति से धीरे-धीरे ठंड बढ़ती जा रही है। देश और प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। कहीं ठिठुरन तो कुछ हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। फिलहाल महाराष्ट्र में बारिश की कोई संभावना नहीं है। महाराष्ट्र में 21 जनवरी तक ठंडी का जोर कायम रहने के आसार है। अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के आसपास और दोपहर का अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मुंबई में भी ठंड का जोर बढ़ता जा रहा है।

## वडोदरा में नाव पलटी, 13 बच्चे; 2 टीचर की मौत, 12 को बचाया गया

**एजेंसी | वडोदरा**

गुजरात के वडोदरा में गुरुवार दोपहर हरणी लेक में एक नाव पलट गई। इस हादसे में 13 बच्चों और 2 टीचर की मौत हो गई। नाव में सवार बाकी 10 बच्चे और 2 टीचर को बचा लिया गया है। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। हालांकि उनकी हालात की जानकारी अभी नहीं मिल सकी है।



हादसे का शिकार हुए सभी बच्चे वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के हैं। वे सेल्फी लेने के लिए नाव में एक तरफ आ गए थे, जिसकी वजह से नाव पलट गई। इनमें से किसी भी बच्चे या टीचर ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। इसी वजह से जब नाव पलटी तो सभी पानी में डूबने लगे।

# मुश्किल में राजन साल्वी

## आय से 118 फीसदी अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने ठाकरे ग्रुप के विधायक राजन साल्वी और उनके परिवार के विरुद्ध आय से 118 फीसदी अधिक संपत्ति होने का मामला गुरुवार को दर्ज किया है। एसीबी की टीम ने आज रत्नागिरी में राजन साल्वी के घर और कार्यालय पर छापा मारकर साल्वी, उनकी पत्नी और बेटे से पूछताछ की है।



**छह बार राजन साल्वी से पूछताछ :** एसीबी की टीम आय से अधिक संपत्ति के मामले में इससे छह बार राजन साल्वी से रत्नागिरी स्थित दफ्तर में पूछताछ कर चुकी है। गुरुवार सुबह राजन साल्वी के घर पर पहुंची और दो घंटे तक घर की तलाशी की। इसके बाद एसीबी की टीम ने राजन साल्वी के रत्नागिरी शहर स्थित बंगले और होटल का मूल्यांकन किया। घर और होटल का क्षेत्रफल, जमीन की कुल लागत, साथ ही इंटीरियर डिजाइनिंग यानी सजावट पर होने वाले खर्च का मूल्यांकन किया गया।

### शिंदे गुट में नहीं जाने का परिणाम

राजन साल्वी ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें शिंदे गुट में बुलाया गया था। जब उन्होंने शिंदे गुट में जाने से मना कर दिया, तबसे एसीबी उन पर और उनके परिवार के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। राजन साल्वी ने कहा कि मुझे गिरफ्तार होने का डर नहीं है, लेकिन मेरी पत्नी, भाई और बेटे को सताया जा रहा है, जो न्यायसंगत नहीं है।

**उद्धव के नेतृत्व वाले गुट से हैं साल्वी :** साल्वी राजापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वह शिवसेना के उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट से हैं। अधिकारी ने बताया कि साल्वी, उनकी पत्नी और बेटे ने 3 .53 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से कथित तौर पर अधिक है।

# 'राष्ट्रीय हित के लिए यह बेहद खतरनाक'

## बंबई हाई कोर्ट ने अनधिकृत पैन कार्ड सेवाओं के संचालन पर लगाई अंतरिम रोक

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

बंबई हाई कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश पारित करते हुए कई संस्थाओं की वेबसाइट पर रोक लगा दी। दरअसल, कई संस्थाएं सरकारी स्वामित्व वाली यूटीआई इंफ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज लिमिटेड (UTIITSL) की ओर से पैन कार्ड सेवाएं प्रदान करने का दावा करती हैं, जिसको लेकर UTIITSL ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने UTIITSL की मांग पर ध्यान देते हुए एकपक्षीय अंतरिम आदेश पारित किया। साथ ही इस तरह के कृत्य को राष्ट्रीय हित के लिए बेहद खतरनाक करार दिया।



### 'राष्ट्रीय हित के लिए बेहद खतरनाक'

न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने 12 जनवरी के अपने आदेश में कहा कि केंद्र सरकार ने पैन कार्ड धारकों के लिए इसे अपने आधार कार्ड से लिंक करने को अनिवार्य किया है, जो पहचान का एक स्वीकार्य प्रमाण है। इसलिए पैन कार्ड जारी करने के लिए लाइसेंस/प्राधिकरण का कोई भी संभावित दुरुपयोग न केवल कंपनी बल्कि राष्ट्रीय हित के लिए भी बेहद खतरनाक होगा।

### अंतरिम एकपक्षीय आदेश जारी

कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अंतरिम एकपक्षीय आदेश जारी किया, क्योंकि वादी कंपनी के गोपनीय डेटा के साथ गंभीर समझौता होने का खतरा बना हुआ था। हाई कोर्ट ने UTIITSL की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें कई कंपनियों और अज्ञात लोगों को उसके कॉपीराइट आदि का उल्लंघन करने से रोकने के लिए अंतरिम आदेश देने की मांग की गई थी।

### पैन कार्ड संबंधित सेवाएं प्रदान करती है UTIITSL

UTIITSL स्थायी खाता संख्या (PAN) कार्ड जारी करने से संबंधित सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी 2003 से आयकर विभाग (Income Tax Department) द्वारा पैन और आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज जारी करने जैसी संबंधित सेवाओं की प्रक्रिया के लिए अधिकृत है। मार्च 2024 तक कंपनी समझौते के तहत इस तरह की सेवाएं प्रदान कर सकती है।


यदि आपको
दो बजे दोपहर
अख़बार में विज्ञापन देना
हो तो संपर्क करें
9892161162


### सर्राफा

| | |
|---|---|
| चांदी (.999) | 76,500 |
| सोना स्टैंडर्ड | 64,360 |

### मौसम

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 26.0-22.0 | 52% |

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | शुक्रवार | 06:22 बजे |
| सूर्योदय | शनिवार | 07:14 बजे |

कार्रवाई | खरीदे जाने से इनकार करने पर कार्रवाई : आदित्य ठाकरे

# ईडी की हिरासत में सूरज चव्हाण

**मुनीब चौरसिया | मुंबई**

शिवसेना यूबीटी युवा सेना के प्रमुख आदित्य ठाकरे के करीबी सूरज चव्हाण को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जहां से चव्हाण को 22 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है। ठाकरे ने गिरफ्तारी पर हल्ला बोल करते हुऐ कहा कि उन्हें ऐसे देशभक्तों पक्रर गर्व है, जो बेशर्म, तानाशाही और एजेंसियों के सामने नहीं झुकते हैं और सच्चाई के साथ खड़े रहते हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात सूरज चव्हाण को ईडी ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले सूरज चव्हाण से ईडी पूछताछ भी कर चुकी है। खिचड़ी घोटाले से जुड़े मामले में ही चव्हाण से पूछताछ की गई थी। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने खिचड़ी घोटाला और दूसरे घोटाले से जुड़े मामले में शिकायत की है। जिसके बाद ईओडब्ल्यू ने भी मामले में एफआईआर (FIR) किया था। अब ईडी ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।



### शिवसेना यूबीटी ने बताया दबाव बनाने की कोशिश

सुरज चव्हाण की गिरफ्तारी के बाद शिवसेना यूबीटी से अलग अलग प्रकार के रिएक्शन सामने आये हैं। एक तरफ जहां आदित्य ठाकरे ने कहा है कि सरकार द्वारा खरीदे जाने से इनकार करने पर कार्रवाई की गई है, जबकि सोमैया ने इस गिरफ्तारी का स्वागत किया है। सोमैया ने खिचड़ी घोटाले का आरोप लगाया है। 6 .7 करोड़ रुपये का यह घोटाला है।

### क्या है मामला?

बीएमसी ने लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों को खिचड़ी बाटने की व्यवस्था की थी। आरोपों के मुताबिक इसी खिचड़ी बाटने के टेंडर में घोटाला किया गया है। चव्हाण ने बीएमसी अधिकारियों को प्रभावित किया है। आरोप है कि उन्होंने क्राइटेरिया को पूरा न करनेवाले कैटरर्स को ठेका दे दिया था। उसक में 250 ग्राम खिचड़ी दिया जाना था लेकिन उससे भी कम खिचड़ी लोगों को दी गई। प्रवासी मजदूरों को खिचड़ी उपलब्ध कराने के लिए मुंबई महानगर पालिका ने 52 कंपनियों को ठेका दिया था।

## जरांगे पाटिल के चेतावनी के बाद एक्शन में सरकार

**मुंबई।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर 20 जनवरी को मुंबई के आजाद मैदान में मनोज जरांगे पाटिल के आंदोलन की चेतावनी से राज्य की एकनाथ शिंदे



सरकार एक्शन में आ गई है। इसलिए मराठा समाज को जल्द से जल्द कुणबी प्रमाण पत्र देने का निर्देश दिया है। गुरुवार को सरकार की तरफ एक आदेश निकाला गया जिसमे सरकार ने सभी जिला अधिकारियों को जिलों में शिविर आयोजित कर मराठा समाज को कुणबी प्रमाण पत्र देने का निर्देश दिया है।

## सचिन तेंदुलकर के डीपफेक मामले में केस दर्ज

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के डीपफेक वीडियो मामले में मुंबई साइबर पुलिस ने 16 जनवरी को FIR दर्ज की है। हाल ही में तेंदुलकर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वे 'स्काईवर्ड एविएटर क्वेस्ट' गेमिंग ऐप को प्रमोट करते नजर आ रहे हैं। पूर्व क्रिकेटर के निजी सहायक द्वारा दायर एक शिकायत पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 500 (मानहानि) और आईटी अधिनियम की धारा 66 (ए) (संचार सेवा के माध्यम से आपत्तिजनक संदेश भेजना) के तहत मंगलवार को रीजन साइबर थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। सचिन ने 15 जनवरी को सोशल



गेम के प्रमोशन वीडियो में डब की गई थी पूर्व क्रिकेटर की आवाज

मीडिया पर इस वीडियो को पोस्ट करके लिखा कि ये वीडियो नकली है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। टेक्नोलॉजी का इस प्रकार का दुरुपयोग बिल्कुल गलत है। उन्होंने अपने पोस्ट में भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और महाराष्ट्र साइबर पुलिस को टैग किया था।